भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3575
सोमवार, 15 जुलाई, 2019/24 आषाढ़, 1941 (शक)

आईटीआई का आधुनिकीकरण

3575. श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय दरभंगा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), जो रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रही है और लगभग बंद होने के कगार पर है, के पुनरुद्धार हेतु कोई ठोस उपाय कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के समन्वय से उपर्युक्त संस्थान को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो इस प्रस्ताव पर कब तक अमल किए जाने की संभावना है ?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) जी हां, दरभंगा स्थित सरकारी आईटीआई को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में चुना गया और "केंद्रीय तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रतिपादित व्यावसायिक प्रशिक्षण सेवाओं में सुधार हेतु बाह्य सहायता परियोजना" योजना के तहत 3.5 करोड़ रुपए की कुल राशि में से 75% केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में 2.625 करोड़ रुपए की निधि जारी की गई। इस निधि से सरकारी आईटीआई, दरभंगा द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए हैं:

I. सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत 2 वर्ष का पाठ्यक्रम जोड़ा गया
II. नए उत्कृष्टता केंद्र भवन का निर्माण किया गया; तथा
III. आईटी प्रयोगशालाओं को संशोधित और अपग्रेड किया गया।

*****